an>

Title : Need to start Air Cargo facility in Raipur, Chhattisgarh.

श्री विजय बघेल (दुर्ग): माननीय अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ से कार्गो एयर चलाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है । छत्तीसगढ़ और खासकर दुर्ग लोक सभा क्षेत्र के बुजुर्ग,अनुभवी किसान एवं पढ़े लिखे युवा किसान आधुनिक तकनीक से जैविक खेती करके विभिन्न प्रकार के अनाज, सब्जी और फल अत्यधिक मात्रा में उम्दा गुणवत्ता की फसल का उपज करते हैं, जिसका भरपूर लाभ स्थानीय स्तर पर किसानों को नहीं मिल पाता है, जिससे उनके मन में निराशा उत्पन्न हो रही है । दूसरे राज्य में बड़े शहरों में सड़क और रेल मार्ग से समय पर फल और सब्जियां नहीं पहुंचने के कारण खराब हो जाती है इससे किसानों को हानि उठानी पड़ती है ।

मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि अतिशीघ्र स्वामी विवेकानन्द रायपुर एयरपोर्ट, छत्तीसगढ़ से एयर कार्गो प्रारंभ की जाए ताकि मेहनतकश किसानों को उनकी फसल का उपयुक्त लाभ मिल सके । प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों की आय दोगुनी करने की योजना बनाई है, उस उद्देश्य की भी पूर्ति हो जाएगी ।

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल रमेश शेवाले । जब मैंने आपका नाम बोला था तब आप कहां थे? फिर दोबारा बोल देंगे । अभी राहुल शेवाले । सदन में अटेंशन देनी चाहिए ।